Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Limited
CIN No. : U85100BR2010SGC015886

BMSICL
(A Govt. of Bihar undertaking)

ज्ञापांकः– BMSICL/80195/15-2023/8037 दिनांकः– 21/12/2023

## कार्यालय आदेश

राज्य के विभिन्न जिलों में यथा सीतामढ़ी, शिवहर, गोपलगंज, सारण, सीवान , मुजफ्फपुर, वैशाली, पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, समस्तीपुर, पूर्णिया, कटिहार, अररिया, किशनगंज, मुँगेंर, जमूई, शेखपुरा, लखीसराय, बेगुसराय, खगड़िया, बांका, भागलपुर, जहानाबाद एवं नवादा के अंतर्गत कुल नामित 173 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में Construction of 20 Bed Pre Fab Field Hospital का निर्माण कार्य Debrique Creative Labs Pvt. Ltd., Chennai को आवंटित किया गया है। उक्त के आलोक में कई जिलो में कार्य कराया जा रहा है, जिसकी कार्य की प्रगति काफी धीमी होने के कारण कार्य समप्ति की अवधि तीन माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद भी कार्य पूर्ण नहीं किया जा सका है।

मामले के गंभीरता को देखते हुए कार्य में शिथिलता एवं उदासीनता बरते जाने के संबंध में उप महाप्रबंधक (परि0), सीतामढ़ी, जमुई, भागलपुर, समस्तीपुर, खगड़िया, बेगूसराय, मुँगेंर, मुजफ्फरपुर, वैशाली द्वारा क्रमशः उनके पत्रांक–189 दिनांक–23.08.2023, पत्रांक–48 दिनांक–24.08.2023, पत्रांक–138 दिनांक–25.08.2023, पत्रांक–368 दिनांक–23.08.2023, पत्रांक–301 दिनांक–01.11.2023 एवं पत्रांक–309 दिनांक–06.11.2023 से भी यह सूचित किया गया कि कार्यपूर्ण करने की दिशा में आपेक्षित कार्रवाई का अभी भी अभाव है।

O/C

इतनी लंबी अवधि बीत जाने के बावजूद भी आवंटित कार्य को पुरा नहीं किया गया है। उक्त मामले में निगम के पत्रांक–73 (D) दिनांक–05.09.2023 में यह निर्देश दिया गया था कि दिनांक–08.09.2023 तक पुनरीक्षित कार्य योजना समर्पित करते हुए दिनांक–20.09.2023 तक सभी कार्य को पुर्ण किया जाय। इसी क्रम में समय–समय पर आयोजित समीक्षात्मक बैठक के दौरान प्रायः यह निर्देश दिया जाता रहा कि वांछित कार्य को शीघ्र पुरा किया जाय, परंतु वांछित फलाफल का अभाव रहा।

इस बीच कार्य की प्रगति को काफी धीमी देखते हुए दिनांक–04.10.2023 को प्रबंध निदेशक, के अध्यक्षता में संपन्न बैठक के दौरान 30.10.2023 तक कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

परंतु बार–बार अनुश्रवण एवं निदेशों के बावजूद भी वांछित कार्रवाई में अभाव के देखते हुए पुनः दिनांक–30.10.2023 को प्रबंध निदेशक महोदय के अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक के क्रम में यह निर्देश दिया गया कि 04.11.2023 तक कार्य पूर्ण किया जाय, अन्यथा बिहार ठीकेदारी नियमावाली 2007 में निहित प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से डिबार कर दिया जाय। वर्त्तमान में भी उनके द्वारा आपेक्षित कार्रवाई का अभाव देखा जा रहा है।

**उक्त के आलोक में समीक्षोपरांत Debrique Creative Labs Pvt Ltd, Chennai को सभी कार्यो को पूर्ण करने तक डिबार किया जाता है।**

प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Limited
2nd & 3rd Floor, Swasthya Bhawan, Behind IGIMS, Sheikhpura,
Adjacent to State Health Society, Patna 800014, Bihar.
Phone/Fax: +91-6122283287, +91-6122283289
www.bmsicl.gov.in

विश्वासभाजन

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)

दिनांक:– 21/12/2023

ज्ञापांक:– BMSICL/80195/15-2023/8037

प्रतिलिपि:– **Debrique Creative Labs Pvt. Ltd., Chennai** को सूचनार्थ प्रेषित।

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांक:– BMSICL/80195/15-2023/

दिनांक:–

प्रतिलिपि:– अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना/सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अपर मुख्य सचिव पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/ अपर मुख्य सचिव, लघु संसाधन विभाग, बिहार, पटना/ अपर मुख्य सचिव योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/ सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, नगर विकास विभाग, बिहार, पटना/सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/ प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना/ प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुलिस निर्माण निगम लि0, पटना/ प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, शैक्षणिक आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना/ प्रबंध निदेशक, आधारभूत सरंचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल उद्योग भवन, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार शहरी आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पर्यटन विकास निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य आवास बोर्ड, पटना तथा अन्य सभी कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांक:– BMSICL/80195/15-2023/8037

दिनांक:– 21/12/2023

प्रतिलिपि:– सभी सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांक:– BMSICL/80195/15-2023/8037

दिनांक:– 21/12/2023

प्रतिलिपि:– महाप्रबंधक BMSICL एवं सभी उप महाप्रबंधक BMSICL, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः– BMSICL/80195/15-2023/ 8037 दिनांकः– 21/12/2023

प्रतिलिपिः– श्री मोहित कुमार, प्रबंधक (सिस्टम), BMSICL, को सूचनार्थ एवं निदेश दिया जाता है कि प्राप्त पत्र को BMSICL, के वेबसाईट पर Upload किया जाए।

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः– BMSICL/80195/15-2023/ 8037 दिनांकः– 21/12/2023

प्रतिलिपिः– प्रबंध निदेशक, BMSICL, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)